## सार-समाचार

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की जानकारी दी

**छबड़ा** (निसं)। स्ववितपोशित कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा तथा ऑनलाइन बैंक ठगी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिरधीलाल बैरवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा ने की। अतिथि के रूप में छगन लाल, सहायक शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह व्याख्याता ने सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चलते समय यातायात विभाग के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए। सहायक प्रबंधक छगनलाल ने कहा कि अधिक गति से वाहन चलाने पर दुर्घटना होने की संभावना रहती है। इसलिए नियमो को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाए और ठगी की जानकारी देते हुए कहा कि कभी भी अपने खाता संख्या से संबंधित ओटीपी और अपनी बैंक व व्यक्तिगत जानकारी किसी को भी नहीं देनी चाहिए और आपके परिवार के सदस्यों को भी खाता संख्या और ओटीपी की जानकारी नहीं देने की सलाह दी। प्राचार्य मीणा ने भी यहां विद्यार्थियों को यातायात सम्बंधी जानकारियां देते हुए दूसरों को भी नियमों की जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. आशा भार्गव, शारीरिक शिक्षक डॉ. अशोक भार्गव आदि मौजूद रहे।

### थानाधिकारी का विदाई समारोह

**रावतभाटा,** (निसं)। भैंसरोडगढ थाना अधिकारी मोहन सिंह शेखावत का स्थानांतरण राजसमंद जिले के नाथद्वारा थाना अधिकारी के पद पर होने पर शुक्रवार को स्थानीय लोगों द्वारा विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को उमेश श्रोत्रिय एवं रवि प्रताप सिंह गौड़ द्वारा संबोधित करते हुए कहा की थाना अधिकारी मोहन सिंह शेखावत के कार्यकाल एवं प्रयासों से समस्त ग्राम वासियों में सौहार्द की भावना बनाए रखने पर पूरी प्रशंसा की गई। थाना अधिकारी मोहन सिंह शेखावत के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में गांव के लोगों द्वारा तिलक लगाकर माल्यार्पण कर एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में उमेश श्रोत्रिय रवि प्रताप सिंह गॉड, शीला शर्मा, ललितपुरी गोस्वामी, राजू राठौड़, ग्राम पंचायत सचिव रामनिवास, अश्विन पंचोली, राजदीप सिंह गॉड, राजबहादुर सिंह गॉड, साबिर हुसैन, टीटू, पप्पन, राकेश पोसवालिया और भैसरोडगढ थाना स्टाफ उपस्थित था।

### महारैली में भाग लेने का आव्हान

**छबड़ा** (निसं)। स्टेशन रोड स्थित धाकड छात्रावास में समाज अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें 20 जनवरी को बारां में पप्पू धाकड़ के हमलावरों को गिरफ्तार किए जाने और न्याय दिलवाए जाने को लेकर आयोजित समाज एकता महारैली में भाग लेने का आव्हान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अब धाकड़ समाज स्वतंत्र है, किसी पार्टी का गुलाम बनकर नही रहेगा। जैसा कि कुछ भाजपा के हमदर्द कह रहे है कि धाकड़ भाजपा की नींव है। यदि पप्पू धाकड़ के हमलावर नही पकड़े गए तो यह नींव का पत्थर अब हटेगा और सभी पदाधिकारियों द्वारा इस्तीफा दिया जाएगा। यहां से लगभग 300 वाहनों के काफिले के साथ बारां चलने पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़ ने 20 जनवरी को समाजबंधुओ से आव्हान करते हुए कहा कि अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर बारां में आयोजित महारैली में भाग ले। सभी वाहन सुबह 9 बजे पीपल्या जागीर में रुकेंगे फिर यहां से बारां के लिए रवाना होंगे।

### कार्यशाला आज

**कोटा,** (निसं)। मानसिक मंदता अधूरा मानसिक विकास है, जिसे आम बोलचाल की भाषा में मंदबुद्धि भी कहा जाता है। मानसिक रूप से मंद वे लोग होते हैं जिनका बुद्धि का सामान्य विकास जन्म से पहले, जन्म प्रक्रिया के दौरान या विकास के शुरुआती वर्षों में रुक जाता है या असंतुलित विकास होता है। अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा रविवार 19 जनवरी को मानसिक मंदता के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समय दोपहर 1.30 से 2.30 बजे रहेगा। इस कार्यशाला में डॉ.नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा मानसिक मंदता, इसके स्तर, कारण, इससे जुड़ी गलतफहमियां और तथ्य, निदान, इलाज के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा बताया जाएगा कि किस तरह से बच्चे में मानसिक मंदता होने से बचाव किया जा सकता है

### पुण्यस्मृति में रक्तदान शिविर 19 को

**छबड़ा** (निसं)। समाजसेवी प्रेमनारायण नागर (होटल वालो) की पुण्यस्मृति में रविवार को सालपुरा रोड स्थित श्रीलक्ष्मी आईटीआई में छठवां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रधान हरिओम नागर ने बताया की रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है, इसलिए ही इसे महादान कहा गया है। रक्त की एक-एक बूंद महत्वपूर्ण है, जिससे जरूरतमंद व्यक्ति की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने आमजन से आव्हान करते हुए कहा कि रक्तदान के इस महापर्व मे भागीदारी सुनिश्चित कर रक्तदान कर मानवसेवा के कार्य में भागीदारी निभाएं। षिविर का आयोजन लक्ष्मी ग्रुप व महाकाल मित्र मंडल आदि सेवाभावी संगठनो द्वारा किया जा रहा हैं।

# सरपंचों को प्रशासक नियुक्त करने पर खुशी छाई

**कोटा,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश मॉडल पर राज्य के सरपंचों को ग्राम पंचायत का प्रशासक नियुक्त करने पर प्रदेशभर के सरपंचों में खुशी की लहर छा गई।

वही सरपंच संघ राजस्थान के पदाधिकारी ने सचिवालय में जाकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। सरपंच संघ राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि सरपंचों के कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल के नेतृत्व में लंबा संघर्ष किया गया इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर, व ग्रामीण विकास मंत्री करोड़ी लाल मीणा ने सरपंचों की मांगों को मानते हुए यह आदेश पारित किया। इस संदर्भ में 15 जनवरी बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर विधायक शत्रुघ्न गौतम के सानिध्य में व सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल के नेतृत्व में 21 सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से उनके आवास पर मुलाक़ात की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कार्यकाल को लेकर फाइल का अनुमोदन किया और रात्रि को ही इसके आदेश निकाल कर सरपंचों को तोहफा दिया। इसके बाद आदेश निकलते ही प्रदेशभर के सरपंचों में खुशी के लहर छा गई और जगह-जगह सरपंचों ने पटाखे चला कर खुशियां मनाई एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर करोड़ी लाल मीणा व राज्य सरकार जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस अवसर पर सरपंच के पदाधिकारी ने घोषणा की कि जल्दी ही मुख्यमंत्री से टाइम लेकर जयपुर में उन सभी जनप्रतिनिधियों को बुलाया जाएगा जिनका टाइम बढ़ाया गया है और उस सम्मेलन में राज्य के मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों का स्वागत किया जाएगा।

स्वागत करने वाले व खुशियां मनाने वालों में सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद मीणा मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान प्रवक्ता रामप्रसाद चौधरी, संयोजक भागीरथ यादव कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल शर्मा प्रदेश महामंत्री कृष्ण मुरारी दिलावर, जयपुर जिला अध्यक्ष मेहर सिंह धनखड़ झालावाड़ जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह गौड़ कमल चौधरी जयपुर बूंदी जिला अध्यक्ष आनंदी लाल मीणा टोंक जिला अध्यक्ष मुकेश मीणा करौली जिला अध्यक्ष प्रकाश मीणा संयोजक महेंद्र सिंह मझेवला मुख्य महामंत्री शक्ति सिंह रावत प्रदेश मंत्री रामप्रसाद मीणा रामलाल मीणा महेश पटेल विद्याधर मील आरके शुक्ला भंवर सिंह धीवा शौकत खान कमलेश पाटीदार पुष्पेंद्र सिंह डीग सुनील क्रांति सहित कई सरपंच शासन सचिवालय में उपस्थित थे।

# प्रकाश जयसवाल और युवराज सुवालका का स्वागत

**कोटा,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय श्री सहस्त्रार्जुन बलभद्र सेना के अंतर्राष्ट्रीय संचालक राजकुमार जायसवाल ने संगठन में अंतर्राष्ट्रीय युवा संयोजक पद पर कोटा के ऊर्जावान, समाजसेवा में सदैव तत्पर रहने वाले प्रकाश जायसवाल और अंतर्राष्ट्रीय युवा चेयरमैन पद पर कोटा के ऊर्जावान, समाजसेवा में सदैव तत्पर रहने वाले युवराज सुवालका को मनोनित किया जिस पर कोटा में समाजजनों ने शुभकामनाएं देकर स्वागत कर बधाई दी साथ ही पूर्ण सहयोग की बात भी कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।


राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, GoI

**अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (AISSEE-2025) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की घोषणा**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए देश भर के सैनिक स्कूल/नए सैनिक स्कूलों में कक्षा VI और कक्षा IX में प्रवेश के लिए सैनिक स्कूल सोसाइटी (रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत) की ओर से AISSEE-2025 परीक्षा आयोजित करने जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करना | 24.12.2024 to 23.01.2025 | |
| परीक्षा की तिथि | एनटीए की वेबसाइट पर बाद में घोषणआ की जाएगी | |
| **परीक्षा की पद्धति** | पेन-पेपर माध्यम [Pen Paper (OMR)] | |
| प्रश्नों के प्रकार | वस्तुनिष्ठ प्रकार (MCQs) | |
| परीक्षा शुल्क | **श्रेणी** | **देय शुल्क** |
| | सामान्य/रक्षा कर्मियों और पूर्व सैनिकों के आश्रित/ओबीसी (एनसीएल) केंद्रीय सूची के अनुसार | Rs. 800/- |
| | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | Rs. 650/- |

परीक्षा के लिए पंजीकरण के संबंध में अन्य सभी आवश्यक विवरणों के साथ सूचना विवरणिका राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट **www.nta.ac.in; https://exams.nta.ac.in/AISSEE/** पर उपलब्ध है।

इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन करें और नवीनतम अपडेट के लिए नियमित रूप से उपरोक्त आधिकारिक वेबसाइटों पर जाएँ।

यदि किसी उम्मीदवार को AISSEE 2025 के लिए आवेदन करने में कठिनाई होती है, तो वह 011-40759000/011-69227700 पर संपर्क कर सकता है या **aissee@nta.ac.in** पर ई-मेल कर सकता है।

हस्ताक्षर/-
(निदेशक)

CBC 21354/12/0004/2425


# जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी ने अवगत कराया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए नगर निगम कोटा दक्षिण में केशवपुरा, महावीर नगर, तलवण्डी एवं इन्द्र विहार क्षेत्र के डेरा प्रथा सफाईकर्मियों, ठेकेदार के वार्ड में काम करने वाले सफाईकर्मियों और कचरा पन्नी बिनने वाले जरूरतमंदो को शुक्रवार को गुरुनानक सामुदायिक भवन महावीर नगर द्वितीय परिसर में कम्बल वितरण किये गये। इस अवसर पर भाजपा पार्षद गोपाल राम मण्डा, योगेश आहलूवालिया, भानू प्रताप सिंह गौड़, संजीव विजय, सुनील गौतम, भाजपा कार्यकर्त्ता लोकेश गौतम, दीपक सेन, कौशल किशोर शर्मा, योगेन्द्र शर्मा एवं कई समाजसेवी उपस्थित रहे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बृज मोहन शर्मा** पुत्र श्री पार्षद, निवासी मकान नं. 1267, गली नं. 5, चोपड़ा फार्म, कोटा जंक्शन, राजस्थान ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 368/13 धारा 498ए/406 भा.द.स. थाना विजय विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बृज मोहन शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बृज मोहन शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 368/13 धारा 498ए/406 भा.द.स. थाना विजय विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **बृज मोहन शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.02.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री ऐश्वर्या शर्मा,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (महिला न्यायालय)-01
कमरा नं. 106, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/728/RD/2025



**भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली**

**सलाह संख्या. आईसीएमआर/डी आई आर/02/2024-कार्मिक**

**रिक्ति परिपत्र**

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन, आईसीएमआर-राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य एवं विकास अनुसंधान संस्थान (एनआईसीएचडीआर), नई दिल्ली में निदेशक के रिक्त पद के लिए 17 फरवरी, 2025 को शाम 5:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित करता है। वेतन मैट्रिक्स के स्तर 14 (रु. 1,44,200-2,18,200) (7वें सीपीसी स्केल) और आईसीएमआर कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य सामान्य भत्ते के तहत यह पद रिक्त है।

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया आईसीएमआर की वेबसाइट www.icmr.nic.in या https://recruit.icmr.org.in देखें।

CBC 17152/11/0028/2425


